INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM-1 EXAMINATION(2022-23)
विषय:हिंदी

NO. OF PAGES : 4

कक्षा : VI पूर्णांक: 40
दिनांक : 22/09/2022 समय: 2 घंटे

सामान्य निर्देश : 1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड है-क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

खंड-'क' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (4)

बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है। यह वनों में पाया जाता है। इस पर गहरी कत्थई रंग की धारियाँ बहुत सुंदर लगती हैं। यह हमेशा टेढ़ी चाल चलता है और कभी भी अपने शिकार पर सामने से आक्रमण नहीं करता। इसका आक्रमण हमेशा छिपकर होता है। यह चालाक पशु है। इसकी छलांग शेर से लम्बी होती है। दौड़ने का वेग भी अधिक होता है। यह खूँखार मांसाहारी पशुओं में स्फूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। यह दिन में अपनी गुफा में छिपकर आराम करता है और रात्रि में अपने शिकार के लिए निकलता है। बाघ अपनी स्फूर्ति, चतुराई, साहस और तीव्रता का प्रतीक होने के कारण भारत का राष्ट्रीय पशु माना जाता है।

प्रश्न

(क) बाघ के शरीर पर धारियाँ किस रंग की होती है?
(ख) बाघ हमेशा कैसी चाल चलता है?
(ग) बाघ को किस कारण भारत का राष्ट्रीय पशु माना जाता है?
(घ) बाघ कब शिकार के लिए निकलता है?

खंड-'ख' (व्याकरण)

प्रश्न 2. 'रौनक' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प है- (1)

(क) शोभा, महक
(ख) आनंद, खुशी
(ग) सजाना, आभा
(घ) शोभा, आभा

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से 'तकलीफ़' शब्द का विलोम शब्द कौन-सा है? (1)

(क) परेशानी

(ख) आराम

(ग) आसान

(घ) विराम

प्रश्न 4. (i) 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द होगा- (1)

(क) पंडिताइन

(ख) पंडीताइन

(ग) पंडिताईन

(घ) पंडिता

(ii) 'मोहित के पिता जी लेखक हैं और माता जी __________ हैं।' खाली स्थान के लिए 'लेखक' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द होगा- (1)

(क) लिखिका

(ख) लेखिका

(ग) लेखीका

(घ) लेखकी

प्रश्न 5. (i) 'शिक्षिका पढ़ा रही है।' इस वाक्य का उचित बहुवचन रूप दिए गए विकल्पों में से छाँटिए। (1)

(क) शिक्षिकाएँ पढ़ा रहे है।

(ख) शिक्षिके पढ़ा रही है।

(ग) शिक्षिकाएं पढ़ा रही हैं।

(घ) शिक्षिकाएँ पढ़ा रही हैं।

(ii) दिए गए विकल्पों में से सदैव एकवचन रहने वाला शब्द है:- (1)

(क) हवा

(ख) आँसू

(ग) बाल

(घ) नेता

प्रश्न 6. (i) 'इस कमरे में _____सोता है?' खाली स्थान के लिए उपयुक्त सर्वनाम शब्द है- (1)

(क) कौन

(ख) मैं

(ग) हम

(घ) वह

(ii) 'आज वह खुद खाना बनाएगी।' वाक्य में 'खुद' सर्वनाम का कौन-सा भेद है? (1)

(क) निश्चयवाचक सर्वनाम

(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम

(ग) निजवाचक सर्वनाम

(घ) संबंधवाचक सर्वनाम

खंड-'ग' (साहित्य)

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (4)

गाड़ी के मॉडलवाली दुकान के साथ एक और दुकान थी जो मुझे कभी नहीं भूलती। यह वह दुकान थी जहाँ मेरा पहला चश्मा बना था। वहाँ आँखों के डॉक्टर अंग्रेज़ थे। शुरू-शुरू में चश्मा लगाना बड़ा अटपटा लगा। वैसे डॉक्टर साहिब ने पूरा आश्वासन दिया था, लेकिन चश्मा तो अब तक नहीं उतरा। नंबर बस कम ही होता रहा! मैं अपने-आप को इसकी ज़िम्मेवार मानती हूँ। जब आप दिन की रोशनी को छोड़कर रात में टेबल लैंप के सामने काम करेंगी-तो इसके अलावा और क्या होगा! हाँ, जब पहली बार मैंने चश्मा लगाया तो मेरे एक चचेरे भाई ने मुझे छेड़ा-देखो, देखो, कैसी लग रही है!

प्रश्न

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है व पाठ के रचयिता का नाम लिखिए?

(ख) चश्मे की दुकान कहाँ पर थी?

(ग) पहली बार चश्मा लगाने पर लेखिका को किसने छेड़ा?

(घ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन(A) - लेखिका चश्मा लगने के लिए अपने-आप को ज़िम्मेवार मानती है।

कारण(R) - लेखिका दिन की रोशनी को छोड़कर रात में टेबल लैंप के सामने काम करती थी।

<u>विकल्प</u>

(i) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (5)

(क) आश्वासन (ख) मरज़ (ग) पछाड़ना (घ) लेख (ङ) धमा-चौकड़ी

प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- (2)

(क) कोलाहल (ख) तबीयत

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं 3</u> प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए:- (9)

(क) 'बचपन' पाठ में लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी?

(ख) मोहन के ऐसे-ऐसे दर्द को सही रूप से किसने पहचाना और कैसे?

(ग) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है?

(घ) चाँद को कौन-सी बीमारी है? इस रोग को कभी न अच्छा होने वाला क्यों बताया गया है?

खंड-'घ' (लेखन)

प्रश्न 11. अपने मित्र को उसके जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (4)

या

अपने विद्यालय के बारे में बताते हुए अपने चाचा जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 12. निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय</u> पर 50 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- (4)

(क) सच्चा मित्र (ख) अच्छा स्वास्थ्य (ग) स्वतंत्रता दिवस

****